दिनांक–22.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- संसद के बजट सत्र की आज से षुरूआत। कल लोकसभा में वित्तमंत्री पेष करेंगी आम बजट।
- प्रधानमंत्री ने विष्व धरोहर समिति की बैठक को किया संबोधित। कहा–भारत की विरासत केवल इतिहास नहीं विज्ञान भी है।
- आज से श्रावण मास की षुरूआत। प्रदेष के मंदिरों में सावन सोमवार के अवसर पर विषेष पूजा अर्चना जारी।
- प्रदेष में कई स्थानों पर बारिष का दौर जारी। आज भी बारिष के लिये मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।

संसद–बजट सत्र

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। 12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 16 बैठके होंगी। कल वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन केन्द्रीय बजट 2024–25 पेष करेंगी। इसके पहले आज लोकसभा और राज्यसभा में 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण सदन पटल पर रखा जाएगा। तीसरी बार सत्ता में आई एनडीए सरकार का यह पहला आम बजट होगा। इससे पहले कल दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कल सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी भी विषय पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संसद की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। श्री रिजिजू ने बहुमूल्य सुझव देने के लिए विभिन्न दलों के सदन नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस पार्टी ने कथित नीट पेपर लीक, रेलवे सुरक्षा, अग्निवीर योजना, केन्द्र–राज्य संबंध तथा मणिपुर और जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर सदन में चर्चा की मांग की। पार्टी नेता जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की मांग की है।

केन्द्र–आरएसएस

केन्द्र ने सरकारी कर्मचारियों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ–आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। नवंबर 1966 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल के दौरान कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने यह प्रतिबंध लागू किया था। भारतीय जनता पार्टी के सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 58 वर्ष पहले जारी यह असंवैधानिक आदेश मोदी सरकार ने वापस ले लिया है।

हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ सहित कई राज्य सरकारों ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस से जुडने पर लगी पाबंदी पहले ही हटा दी है।

## रीवा हादसा

रीवा के थाना मनगवां अंतर्गत हनौता कोठार गांव में जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद में दो महिलाओं पर डंपर से मुरुम डालने के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि यह एक पारिवारिक विवाद है। इस प्रकरण में पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। आरोपी विपिन पांडेय को पुलिस ने हिरासत में लिया है वहीं दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। महिलाओं का अस्पताल में उपचार कराया गया, जहां से उन्हें छुट्टी दे दी गई है। हिनौता कोठार ग्राम में जमीनी विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, इसकी सूचना मिलते ही पुलिस बल को मौके पर पहुंचा। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जयदीप प्रसाद ने बताया कि जमीन विवाद में दो महिलाओं आशा पांडे और ममता पांडे पर मुरम गिरी थी। इसमें अनुसूचित जाति/जनजाति की कोई महिला नहीं थीं। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर डम्पर जब्त किया गया है।

## पचमढ़ी–मानसून मैराथन

नर्मदापुरम के पचमढ़ी में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से 'एडवेंचर एंड यू' पचमढ़ी मानसून मैराथन का कल आयोजन किया गया। इसमें देश भर से 1165 धावकों ने हिस्सा लिया और पचमढ़ी के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच 42 किलोमीटर, 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर श्रेणियों में दौड़ लगाई गई। दौड़ की शुरुआत एमपीटी ग्लेनव्यू होटल से हुई जहां टूरिज्म बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, ने झंडी दिखाई । दौड़ में छः वर्ष के बच्चे से लेकर 82 वर्ष के बुजुर्ग ने हिस्सा लिया। समापन के बाद एक समारोह में अतिथियों द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल दिए।

## प्रधानमंत्री – विश्व धरोहर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का कल शाम उद्‌घाटन किया। भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। यह बैठक जो इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और विरासत संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत केवल इतिहास नहीं बल्कि विज्ञान भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार, देश के 350 से अधिक प्राचीन विरासत स्थलों को वापस लायी है। उन्होंने कहा कि प्राचीन विरासत की वापसी वैश्विक उदारता और इतिहास के प्रति सम्मान को दर्शाती है। प्रधान मंत्री ने घोषणा की कि भारत यूनेस्को विश्व धरोहर केंद्र के लिए दस लाख डॉलर का योगदान देगा।

## श्रावन माह

आज श्रावन माह के पहले सोमवार को प्रदेश के शिव मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना का दौरी जारी है। उज्जैन के ज्योतिर्लिंग भगवान महांकाल और ओम्कारेश्वर में पूजा और दर्शन के लिए विशेष व्यस्थाएं की गई है। ओंकारेश्वर में भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर की आज सवारी निकाली जा रही हैं, और जानकारी हमारे खंडवा संवाददाता हीरालाल डोंगरे से ....

जहां भगवान ओंकारेश्वर की रजत प्रतिमा का दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। वही भगवान ममलेश्वर की रजत प्रतिमा को केलवराम घाट पर दूग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक किया जायेगा। नर्मदा में महावारी की रजत प्रतिमाओं का नौका विहार दौरान नगर भ्रमण के बाद पुनः रात्रि को ओंकारेश्वर मंदिर में समापन होगा। श्रावण के प्रथम सोमवार के चलते जिले के साथ—साथ निमाड़ मालवा क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रध्दालु भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। वही श्रध्दालुओं की संख्या के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ...

आगरमालवा में ऐतिहासिक शिवालय श्री बैजनाथ महादेव मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु भक्तजन आज से एक माह तक महादेव की विशेष पूजा अनुष्ठान करेंगे। मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ मंदसौर में 16वां मनोकामना अभिषेक आज से 18 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के अन्य मंदिरों में भी आज विशेष साज सज्जा की गई और भक्त बड़ी संख्या में सुबह से पहुंचने लगे हैं।

## मौसम

प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। कल भोपाल दो इंच बारिश हुई अब तक शहर में 25 इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। इसके अलावा सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट में भी बारिष दर्ज हुई। बैतूल में 24 घंटों में 2 इंच पानी बरसा। षाहपुर में 6 इंच बारिष हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन पूरे प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट है। इंदौर समेत कुल 31 जिलों में तेज बारिष की संभावना है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों में भी बारिश होने के आसार है।

समाचार संक्षेप में .....

- राज्य शासन ने मंत्री रामनिवास रावत को वन एवं पर्यावरण विभाग का दायित्व सौंपा है। इसकी सूचना मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। मंत्री नागर सिंह चौहान के पास अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का दायित्व रहेगा।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की कल नरसिंहपुर के नीलकुंड में एक कार्यक्रम में तबीयत खराब हो गई। गाडरवारा सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हे दवाइयां दी इसके बाद वह भोपाल रवाना हो गए। प्रोटोकाल के अनुसार चिकित्सा सुविधा मौजूद नहीं होने के संबंध में कलेक्टर ने एसडीएम से जांच रिपोर्ट मांगी है
- शिवपुरी जिले में आमजन को मिलावट की जानकारी देने के लिए चलित खाद्य प्रयोगशाला आज से 25 जुलाई तक तहसील कोलारस, बदरवास, शिवपुरी, पोहरी एवं करैरा में भ्रमण करेंगी। चलित खाद्य प्रयोगशाला लैब के माध्यम से जिले में कोई भी नागरिक खाद्य पदार्थ की शुद्धता की जांच करवा सकता है।
- मंडला जिले के घुघरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत देवहार बम्हनी में डायरिया से दो बैगा महिलाओं की मौत हो गई है और करीब 30 पीड़ित पीड़ित बताए गए हैं। पीड़ितों का इलाज गांव में स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है।
- रायसेन के गैरतगंज तहसील के बेलना गढ़ी गांव में खेत पर बने तालाब में तीन आदिवासी बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। ये बच्चे गांव में ही खेलते हुए तालाब में नहाने चले गए थे।
- डिंडौरी में नर्मदा घाट के किनारे सफाई के साथ—साथ वृक्षारोपण किया गया। कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में ये अभियान चलाया गया। जिसमें इमली कुटी पर साफ सफाई के पश्चात वृक्षारोपण किया गया।

..................................